हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 13 अप्रैल 2026

06 विश्व हिंदू परिषद के अशोक भवन में जिला...




09 भारतीय जनता पार्टी अंत्योदय के सिद्धांत पर कार्य...





## खबर संक्षेप

### रोजगार, स्वरोजगार मेला का आयोजन आज

**विदिशा।** शासकीय आईटीआई एवं जिला रोजगार कार्यालय द्वारा सोमवार सुबह 11 बजे से शासकीय आईटीआई विदिशा में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में प्रदेश स्तर की प्रतिष्ठित कंपनी भाग ले रहे हैं। इस रोजगार मेले में भाग लेने हेतु सभी इच्छुक युवक-युवतियां शासकीय आईटीआई विदिशा में सुबह 11 बजे उपस्थित होकर रोजगार मेले का लाभ उठाएं।

### नामदेव धर्मशाला निर्माण समिति गठित, हरप्रसाद बने अध्यक्ष

**विदिशा।** बंटी नगर में रविवार को नामदेव धर्मशाला निर्माण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से हरप्रसाद नामदेव को अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष रामकृष्ण नामदेव, सचिव संदीप नामदेव एवं कमलेश नामदेव, महामंत्री राजेंद्र नामदेव व वरुण नामदेव बनाए गए। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी कृष्ण कुमार, राजकुमार और रमेश कुमार को सौंपी गई। साथ ही सलाहकार सदस्य, संरक्षक और प्रचार मंत्री के पद भी निर्धारित किए गए। बैठक में बताया गया कि मई माह में प्रदेश कार्यकारिणी गठन को लेकर विदिशा के महेंद्र नामदेव भी अपनी दावेदारी पेश करेंगे।

### नर्मदापुरम से नाबालिग को खोजकर लाई पुलिस

**विदिशा।** सिविल लाइन पुलिस ने 16 वर्ष 5 माह की नाबालिग को जिला नर्मदापुरम से बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया है। 4 मार्च 2026 को बालिका के लापता होने पर मामला दर्ज किया गया था। एसपी रोहित काशवानी के निर्देशन में ऑपरेशन मुस्कान के तहत विशेष टीम गठित कर तलाश शुरू की गई। सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए और संभावित स्थानों पर दबिश दी गई। 10 अप्रैल को बालिका सुरक्षित मिली, परिजनों ने पुलिस का आभार जताया।

### द्वितीय जिनदेशना बाल-युवा शिक्षण शिविर की पत्रिका का विमोचन



**विदिशा।** शीतलनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में आयोजित श्रुत अवगाहन शिविर के दौरान रविवार को द्वितीय जिनदेशना बाल-युवा शिक्षण शिविर की पत्रिका का विमोचन बाल ब्रह्मचारी पं. सुमतप्रकाश के सानिध्य में हुआ। कार्यक्रम में पं. शिखरचंद अलंकार, पं. नंदकिशोर गोयल व अन्य विद्वानों ने स्वस्तिक तिलक कर शुभारंभ किया। शिविर 3 से 9 मई तक आयोजित होगा। संचालक चिरंतन बड़कुल ने बताया कि पंजीयन ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यमों से प्रारंभ है। आयोजन अखिल भारतीय जैन युवा व महिला फेडरेशन एवं बड़ा मंदिर ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा है।

---

## जांच के लिए दलों का गठन, 24 घंटे संचालित होगा कंट्रोल रूम

# अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने तीन स्तरों पर निगरानी करने निर्देश

***अक्षय तृतीया 20 अप्रैल को होने वाली शादियों की आड़ में होने वाले बाल विवाहों को रोकने के लिए कलेक्टर ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। निगरानी के लिए हर बार की तरह दल गठित किए गए हैं। तीन स्तरों पर बाल विवाहों की निगरानी की जाएगी। हर साल अक्षय तृतीया पर कई कई बाल विवाह रुकवाए जाते हैं और टीमें मुस्तैदी के साथ सूचनाओं पर अमल कर कार्रवाई करती हैं।***

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

अक्षय तृतीया पर संभावित बाल विवाहों की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा निर्देशों के पालन में जिलेभर में व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं।

बाल विवाह पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अंतर्विभागीय समन्वय से विभागों को निर्देश जारी किए गए हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता लोढ़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि बाल विवाह रोकथाम के लिए जिले में त्रिस्तरीय दलों का गठन किया गया है। जिला स्तर पर अपर कलेक्टर को दल का अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि विकासखंड स्तर पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं ग्राम पंचायत एवं वार्ड स्तर पर सरपंच एवं पार्षदों को दल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रशासन द्वारा विवाह से जुड़े धर्मगुरु, धर्मशाला, गार्डन संचालक, हलवाई, केटर्स, प्रिंटिंग प्रेस संचालक एवं बैंड-बाजा, डीजे संचालकों से अपील की गई है कि वे विवाह से पहले वर-वधु की आयु की पुष्टि अवश्य करें और किसी भी बाल विवाह में शामिल न हों और ऐसी ही प्रेरणा अन्य को दें। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत दोषियों को 2 वर्ष तक की सजा या 1 लाख रुपए तक का जुर्माना, अथवा दोनों से दंडित किया जा सकता है। इसमें माता-पिता, रिश्तेदार, पंडित, मौलवी सहित विवाह में सहयोग करने वाले सभी सेवा प्रदाता शामिल हैं। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि बाल विवाह जैसे अपराध से समाज को इस कुप्रथा से मुक्त बनाने में सहयोग करें।

### करना पड़ता है विरोध का सामान

बाल विवाह होने की सूचना पर कार्रवाई करने जब टीम पहुंचती है तो काफी विरोध का सामना करना पड़ता है, क्योंकि वर वधु के परिजन पूरी तैयारी कर चुके होते हैं और जागरुकता का भी अभाव होता है। जब समझाइश से मामला नहीं बनता तब टीम के सदस्य सख्ती से पेश आते हैं। कार्रवाई और एफआईआर के डर के बाद परिजन विवाह रोकने राजी तो हो जाते हैं कि टीम उन्हे पूरी तरह से संतुष्ट कर जागरुक करती है कि छोटी उम्र में शादी करने के क्या नुकसान होते हैं और काननू माता पिता को इस बात की इजाजत नहीं देता की वह अपने बच्चों को नाबालिग की उम्र में विवाह कर उन्हे घर गृहस्थी और बच्चे पालने की इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाने के मजबूर कर दें।



### इन नंबरों पर कर सकते हैं शिकायत

यदि कहीं कम उम्र में विवाह की सूचना मिले, तो तत्काल संबंधित दलों या चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचित करें। बाल विवाह की रोकथाम के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। वन स्टॉप सेंटर, विदिशा के प्रशासक को इसका प्रभारी बनाया गया है। कंट्रोल रूम का नंबर 07592-233321 जारी किया गया है, जो 24 घंटे संचालित रहेगा। इसके अलावा नागरिक चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, सीएम हेल्पलाइन 181 एवं पुलिस हेल्पलाइन 112 पर भी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

---

## वेतन भुगतान न होने से सात दिन से जारी शांतिपूर्ण धरना, मांगें पूरी न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी

# एसएटीआई के कर्मचारियों को कर्मचारी संगठनों का समर्थन




विदिशा। कर्मचारियों के साथ धरने पर बैठे विभिन्न राजनीतिक व कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी।

### राजनीतिक संरक्षण मिलने से उग्र हो सकता है कर्मचारियों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

पॉलिटेक्निक के कर्मचारी पिछले सात दिनों से वेतन न मिलने के विरोध में शांतिपूर्वक हड़ताल पर बैठे हैं। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं की जातीं, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा।

रविवार को धरनास्थल पर विभिन्न राजनीतिक एवं कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी पहुंचे और हड़ताल को समर्थन दिया। वहीं मध्यप्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुभाष बोहत ने धरनास्थल पर पहुंचकर कर्मचारियों की हड़ताल का समर्थन करते हुए धरने में शामिल हुए। इस मौके पर वरिष्ठ नेता नदीम जावेद, अरुण अवस्थी, युवा नेता वैभव भारद्वाज ने कर्मचारियों की मांगों को उचित बताते हुए प्रबंधन से शीघ्र समाधान की अपील की। शिवसेना के पदाधिकारियों ने समर्थन पत्र सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं निकाला गया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला संगठन मंत्री नीतेश तिवारी, विदिशा तहसील अध्यक्ष विपुल बाबू शर्मा, नटेरन ब्लॉक अध्यक्ष शिव प्रसाद विश्वकर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। धरना स्थल पर मौजूद सभी वक्ताओं ने छात्रों के भविष्य को लेकर चिंता जताई और प्रशासन से जल्द न्यायपूर्ण निर्णय लेने की मांग की।

---

## खेत की डबरी में नहाते समय डूबा 22 वर्षीय युवक, मौत हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶हैदरगढ़

- घटना की परिस्थितियों की जांच में जुटी हैदरगढ़ पुलिस।

हैदरगढ़ थाना अंतर्गत गुन्नोठा निवासी 22 वर्षीय राजा कुर्मी, पिता मिस्त्रीलाल कुर्मी की खेत पर बनी पानी की डबरी में नहाते समय डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस व परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक पानी में डूबे युवक की जान नहीं बच सकी। सूचना पर पुलिस हैदरगढ़ थाना प्रभारी रोहित कुमार कोरव बल के साथ मौके पर पहुंचे। सब को बाहर निकाला गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए ग्यारसपुर भेजा गया। पुलिस ने मर्ग कामय कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। पुलिस डूबने के कारणों और घटना की परिस्थितियों की जांच कर रही है।

## टीईटी परीक्षा के विरोध में अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने विधायक सूर्यप्रकाश मीना को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा ने अपनी मांगों को लेकर शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीना को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) निरस्त करने तथा नवीन शिक्षक संवर्ग की प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता बहाल करने की मांग उठाई गई। मोर्चा के प्रतिनिधियों ने बताया कि आरटीई अधिनियम 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा से मुक्त किए जाने के संबंध में उच्चतम न्यायालय में मध्यप्रदेश शासन द्वारा पुनर्विचार याचिका दायर की जाए। उनका कहना है कि लंबे समय से कार्यरत शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से राहत मिलनी चाहिए तथा उनकी सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति तिथि से की जानी चाहिए। विधायक मीना ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि वे इस संबंध में मुख्यमंत्री से चर्चा कर सकारात्मक पहल करने का प्रयास करेंगे।



विदिशा। विधायक मीना को ज्ञापन देते हुए शिक्षक।

### सौंठिया फाटक के पास मिला अज्ञात बुजुर्ग महिला का शव

**विदिशा।** जीआरपी थाना क्षेत्र अंतर्गत सोठिया फाटक के पास रेलवे पटरी किनारे तीन दिन पूर्व एक बुजुर्ग महिला का शव मिला था। जीआरपी ने लगातार दो दिन तक पहचान के प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिली। नियमानुसार निर्धारित समयावधि पूर्ण होने पर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद अज्ञात लावारिस शव के रूप में दफनाने की कार्रवाई की गई। जीआरपी ने बताया कि महिला की शिनाख्त के प्रयास आगे भी जारी रहेंगे।

---

## अग्रवाल धर्मशाला में करियर काउंसलिंग में 200 विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया गया

### युवा कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास परिषद की पहल, 12वीं तक के छात्र हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

अग्रवाल धर्मशाला में रविवार को युवा कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास परिषद द्वारा करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में लगभग 150 से 200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पहली कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं की सहभागिता रही। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को उनके भविष्य, विषय चयन और संभावित करियर विकल्पों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। छात्रों को बताया गया कि किस विषय का चयन उनके कौशल और रुचि के अनुसार अधिक लाभदायक हो सकता है। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार अवसरों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। अभिभावकों को भी बच्चों की रुचि और क्षमता के अनुरूप निर्णय लेने की सलाह दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को सही दिशा में प्रेरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की नींव रखना रहा।



कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थी मौजूद रहे।

### ट्रेन की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत, जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम



**विदिशा।** अंडर ब्रिज सौंठिया के पास रविवार दोपहर ट्रेन की चपेट में आने से 70 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक की पहचान किलेअंदर गुप्तेश्वर मंदिर निवासी खिलान सिंह यादव के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जिला अस्पताल भिजवाया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि पटरी पार करते समय हादसा हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## शहनाई गार्डन में व्यापार महासंघ के पदाधिकारियों का हुआ सम्मान




विदिशा। शहनाई गार्डन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यापार महासंघ अध्यक्ष राजेश जैन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

रविवार को शहनाई गार्डन में व्यापार महासंघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों और पूर्व अध्यक्षों का हुआ सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन रेडिमेड वस्त्र विक्रेता संघ की ओर से किया गया। कार्यक्रम के दौरान नई कार्यकारणी के अध्यक्ष राजेश जैन के साथ अन्य पदाधिकारी और पूर्व अध्यक्ष शामिल रहे। व्यापारियों के हितों और ऑनलाइन बाजार की बजह से व्यापारियों को हो रहे नुकसान को लेकर भी चर्चा की गई। वहीं शाम के समय किराना व्यापार संघ और डिस्ट्रिब्यूटर एसोसिएशन द्वारा सम्मान किया गया।

---

## अंबेडकर जयंती पर भाजपा द्वारा जिलेभर में आयोजित किए जाएंगे अनेक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर भाजपा द्वारा जिलेभर में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

कार्यक्रमों की आज डॉ. अंबेडकर की प्रतिमाओं की साफ-सफाई एवं स्वच्छता अभियान से होगी। शाम को प्रतिमाओं एवं परिसरों में दीप जलाए जाएंगे। प्रमुख चौराहों व सार्वजनिक स्थलों को फूलों से सजाया जाएगा। 14 अप्रैल को जिला अध्यक्ष महाराज सिंह ठाकुर, विधायक मुकेश टंडन सहित पार्टी के नेताओं द्वारा सर्व समाज के साथ प्रतिमा पर माल्यार्पण कर मिष्ठान्न वितरण किया जाएगा। सभी बूथों पर बाबा साहेब के चित्र एवं प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा तथा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया जाएगा। जिला मीडिया प्रभारी डॉ. राहुल जैन ने बताया कि बस्तियों एवं छात्रावासों में विशेष संपर्क अभियान चलाया जाएगा। 20 अप्रैल से पूर्व जिला कार्यालय में संगोष्ठी में बाबा साहेब के योगदान, केंद्र सरकार द्वारा किए गए कार्यों एवं अनुसूचित जाति वर्ग के लिए संचालित योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम संयोजक अनिल सोनकर एवं सहसंयोजकों ने सर्व समाज से अधिक से अधिक सहभागिता की अपील की है।

### अशोकनगर में मिली नाबालिग, पुलिस ने परिजनों के सुपुर्द किया

**नटेरन।** पुलिस ने 15 वर्षीय गुमशुदा नाबालिग को अशोकनगर के ग्राम सोनेरा से खोजकर परिजनों को सौंप दिया। 20 फरवरी को पुलिस द्वारा मामला दर्ज किया गया था। ऑपरेशन मुस्कान के तहत विशेष टीम गठित कर सतत तलाश की गई। थाना प्रभारी मोहर सिंह मंडेलिया के नेतृत्व में टीम ने तकनीकी व सूचना तंत्र के आधार पर 11 अप्रैल को बालिका को बरामद कर वैधानिक कार्रवाई पूरी की। नाबालिगों के घर से लापता होने और बिना बताए चल जाने के जिले में लगातार मामले सामने आ रहे हैं। हालांकि पुलिस ज्यादातर मामलों में सफल हो रही है।

## पं. गंगाप्रसाद पाठक ललित कला न्यास का आयोजन, दर्शक हुए मंत्रमुग्ध

# 50वें पुण्य स्मरण में 'ययाति' का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

पं. गंगा प्रसाद पाठक ललित कला न्यास द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला पुण्य स्मरण समारोह इस वर्ष अपने 50वें संस्करण के रूप में टैगोर सभागार में हुआ।

समारोह का मुख्य आकर्षण महाभारत कालीन प्रसंग पर आधारित प्रख्यात साहित्यकार गिरीश कर्नाड द्वारा लिखित नाटक "ययाति" का मंचन रहा। नाटक का निर्देशन देश के विख्यात रंगकर्मी बालेन्द्र सिंह ने किया। वे फिल्म पीकू सहित कई धारावाहिकों में अपने अभिनय से पहचान बना चुके हैं। शाम 7:30 बजे प्रारंभ हुए नाटक ने आरंभ से अंत तक दर्शकों को बांधे रखा। कलाकारों के सशक्त अभिनय और प्रभावशाली संवादों ने पौराणिक कथा को आधुनिक संदर्भों से जोड़ते हुए अत्यंत अर्थपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम में न्यास के अध्यक्ष डॉ विजय बहादुर सिंह, गोविंद देवलिया सहित सभी सदस्यों की सक्रिय सहभागिता रही। आयोजन की सफलता पर उपस्थितजनों ने न्यास परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया।





## खबर संक्षेप

### द्वादश वर्षीय स्वाध्याय परीक्षा का हुआ आयोजन



**गंजबासौदा।** नगर में श्री दिगंबर जैन श्रवण संस्कृति संस्थान सांगानेर (जयपुर) के तत्वावधान में बारह वर्षीय स्वाध्याय पाठ्यक्रम के अंतर्गत प्रथम वर्ष से लेकर अष्टम वर्ष तक के कुल 150 विद्यार्थी परिक्षा में शामिल हुए। मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज की प्रेरणा और आशीर्वाद से सांगानेर (जयपुर) में वर्ष 2018 में श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान की स्थापना हुई थी। इस संस्थान द्वारा पूरे भारत में हर वर्ग और हर उम्र के लोगों को धर्म के मर्म को जानने के लिए बारह वर्षीय स्वाध्याय पाठ्यक्रम तैयार किया गया था। कोरोना काल के एक वर्ष को छोड़कर लगातार आठ वर्षों से प्रतिवर्ष स्थानीय धार्मिक शिक्षाविदों द्वारा उक्त कोर्स निःशुल्क शिक्षा प्रदान कराई जाती है और हर वर्ष पाठ्यक्रम के अंत में परीक्षा का आयोजन किया जाता है। इस पाठ्यक्रम में 15 वर्ष से लेकर किसी भी उम्र के महिला, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग सम्मिलित होकर धर्म की शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। इस संस्थान का मुख्य उद्देश्य हर वर्ग और आयु के लोगों को दैनिक कार्यों के साथ धर्म क्षेत्र में भी ज्ञानवान बनाना है। जिससे आम जन भी लौकिक ज्ञान के साथ अलौकिक धर्म की शिक्षा प्राप्त कर सकें। आचार्य विद्या वैली स्कूल में आयोजित इस परीक्षा में गृहणियों के साथ डॉक्टर, शिक्षक , त्यागी वृति, स्कूली बच्चे के साथ व्यापारी, परीक्षार्थी शामिल हुए। नगर में आयोजित इस परीक्षा का संयोजन ब्र.डॉ आराधना दीदी द्वारा किया गया। वहीं नगर में संचालित जैन पाठशाला की बहनों द्वारा परिक्षा केंद्रों पर सतत निरक्षण किया गया।

# मैंटेनेंस के चलते नगर में पांच घंटे बिजली प्रदाय बंद रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा आए दिन रख रखाव के चलते विद्युत प्रदाय बंद कर दिया जाता है। जिससे नगरवासियों को गर्मी के मौसम में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नागरिकों का कहना है कि गर्मी के मौसम में घण्टों तक बिजली की कटौती की जा रही है जिससे विद्युत आधारित व्यवसाय प्रभावित हो रहे हैं। साथ ही बिजली के अभाव में पंखा, कूलर, एसी बंद होने से नगरवासियों को कई घण्टों




तक बगैर बिजली के समय काटने को मजबूर होना पड़ रहा है। रविवार को 33 केव्ही बासौदा फीडर पर आवश्यक रखरखाव एवं सुधार कार्य किए जाने के चलते 33/11 केवी बासौदा शहर उपकेंद्र से निकलने वाले समस्त 11 केवी फीडर, 33/11 केवी बेदनखेड़ी उपकेंद्र से निकलने वाले समस्त फीडर, 33/11 केवी गोकुलधाम उपकेंद्र से निकलने वाले समस्त फीडर तथा जेल उपकेंद्र से निकलने वाले 11 केवी ईदगाह एवं 11 केवी वाटर वर्क्स फीडर की विद्युत आपूर्ति सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक बाधित रही। इस दौरान रखरखाव कार्य के अंतर्गत पेड़ कटिंग, जंपरिंग, लाइन सुधार एवं अन्य आवश्यक तकनीकी कार्य संपादित किए गऐ।

### आज भी गुल रहेगी बिजली

गंजबासौदा। विद्युत मेंटेनेंस के चलते सोमवार को 11 केवी राजेन्द्र नगर फीडर पर मरम्मत एवं सुधार कार्य किया जाएगा। जिससे राजेन्द्र नगर, पचमा चौराहा, सिटी सेंटर, त्योंदा रोड क्षेत्र एवं आसपास के क्षेत्रों में विद्युत प्रदाय सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक बंद रहेगा।

## बैठक में वर्गों के लिए कार्यकर्ताओं का चयन किया गया

# विश्व हिंदू परिषद के अशोक भवन में जिला बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

रविवार को दोपहर के समय विश्व हिन्दू परिषद की जिला बैठक बालाजी नगर स्थित संगठन के जिला कार्यालय अशोक भवन में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ भगवान राम के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात बैठक को संबोधित करते हुए विभाग मंत्री दौलत लौंगवानी ने कहा कि विगत दिनों संपन्न हुई धर्म रक्षा निधि अभियान में गंज बासौदा जिले ने सफलतापूर्वक अपना लक्ष्य पूरा किया है, जिसमें सभी प्रखंडों की सहभागिता भी रही है। आगामी कार्यक्रमों में भी पूर्ण मनोयोग से आप सभी कार्य करते रहेंगे एसी आशा है। साथ ही उन्होंने कहा कि समय का निर्धारण करते






हुए संगठन का काम करना है जिससे संगठन का काम बढ़े। विभाग सह मंत्री चंद्रभान सिंह ने आगामी परिषद, बजरंग दल, दुर्गावाहिनी वर्ग की जानकारी दी एवं वर्गों के लिए कार्यकर्ताओ का चयन किया। विभाग सह मंत्री संदीप नेमा ने सभी आयामों के ग्रुप बनाने, उनमें संगठनात्मक सामग्री भेजने एवं सकारात्मक विमर्श खड़ा करने की जानकारी दी। साथ ही बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जयंती हर प्रखंड पर मनाने की बात कही। बैठक में प्रांत वेद एवं संस्कृत प्रमुख मुन्ना लाल शास्त्री, जिलाध्यक्ष मुकेश सेन मंचस्थ थे। बैठक का संचालन जिला मंत्री अभिषेक शर्मा ने किया। इस दौरान विभाग सत्संग प्रमुख सुरेंद्र सिंह राजपूत, मातृशक्ति विभाग संयोजिका ज्योति वर्मा, जिला सह मंत्री द्वय सुरेंद्र श्रीवास्तव एवं सत्यम दुबे, जिला संयोजक जगदीश शाक्य, जिला कार्यालय प्रमुख केशव सिंह हाड़ा, जिला सह संयोजक अन्नू यादव, भजन प्रजापति, जिला गौरक्षा प्रमुख रविन्द्र ठाकुर, विद्यार्थी प्रमुख लालचंद्र कुशवाहा, सह विद्यार्थी प्रमुख सौमित्र तिवारी, जिला सह सुरक्षा प्रमुख अतुल ठाकुर, जिला सह सेवा प्रमुख अनिल राठौर, जिला प्रिंट मीडिया प्रमुख प्रदीप राठौर, नगराध्यक्ष रामकृष्ण राजपूत, नगर मंत्री संजय सिलावट सहित प्रखंडों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव की तैयारियां नगर में जोरों से जारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

भगवान परशुराम जन्मोत्सव की तैयारियों के तहत शहर में धार्मिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में गत दिवस बेदनखेड़ी स्थित तिरंगा बायपास रोड पर बने भगवान परशुराम भवन में ब्राह्मण समाज महिला मंडल द्वारा श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज की मातृशक्ति ने सहभागिता करते हुए भगवान श्रीराम और भगवान परशुराम की आराधना की। सुंदरकांड पाठ के दौरान पूरे परिसर में भक्ति और आस्था का वातावरण बना रहा। महिलाओं ने सामूहिक रूप से हनुमान जी का गुणगान करते हुए समाज की सुख-समृद्धि, शांति और मंगल की कामना की। पाठ के दौरान भक्ति गीतों और मंत्रोच्चार से परशुराम भवन गुंजायमान हो उठा। आयोजन में शामिल महिलाओं ने कहा कि इस तरह के धार्मिक कार्यक्रम समाज को एकजुट करने के साथ-साथ नई पीढ़ी को भी अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का माध्यम बनते हैं। आयोजकों ने बताया कि भगवान परशुराम जन्मोत्सव को भव्य और गरिमामय रूप से मनाने के उद्देश्य से समाज के लोगों को लगातार जोड़ा जा रहा है। इसी क्रम में महिला मंडल द्वारा यह पहल की गई है कि धार्मिक आयोजनों के माध्यम से समाज में धार्मिक चेतना और एकता को मजबूत किया जाए। इस दौरान बैठक में ब्राह्मण समाज महिला मंडल की मातृशक्ति मौजूद रहीं।

## डॉ. सतीश शर्मा मेजर रैंक पर पदोन्नत हुए



**गंजबासौदा।** 14 मध्य प्रदेश एनसीसी बटालियन विदिशा के कमान अधिकारी कर्नल विकास गुप्ता शौर्य चक्र एवं एडम अधिकारी ले. कर्नल सनी वैद्य के द्वारा कृषि महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी डॉ. सतीश शर्मा को मेजर रैंक हेतु पदोन्नत किया गया है। ज्ञात हे कि डॉ. शर्मा वर्ष 2009-2010 से ही लगातार कृषि महाविद्यालय में एनसीसी अधिकारी का दायित्व निर्वहन सफलता पूर्वक कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में महाविद्यालय से अनेक पूर्व एनसीसी कैडेट्स कृषि छात्र-छात्राओं का चयन मध्य प्रदेश शासन के अंतर्गत कृषि विभाग की शासकीय सेवाओं एवं विभिन्न बैंकों संस्थानों में हो चुका है। एनसीसी प्रशिक्षण के माध्यम से कैडेट्स में व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास के साथ-साथ एक अच्छे जिम्मेदार नागरिक के गुण विकसित करने के लिए डा. शर्मा कृत संकल्पित है। डॉ शर्मा को मेजर रैंक पर पदोन्नति मिलने के लिए सभी सहयोगी एनसीसी अधिकारियों एवं महाविद्यालय स्टाफ सदस्यों द्वारा बधाइयां दी गई है।

## शराब दुकान हटाने तेहरवें दिन भी धरना जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नगर के रेलवे स्टेशन के पास एवं श्री राम जानकी मंदिर के सामने संचालित शराब की दुकान को हटाने की मांग को लेकर 13 दिनों से धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। धरना दे रहे युवाओं ने बताया कि रेलवे स्टेशन के समीप एवं श्री राम जानकी मंदिर तथा समीपस्थ शिव मंदिर के पास संचालित शराब दुकान के कारण आम नागरिकों, यात्रियों, महिलाओं, बच्चों, विद्यार्थियों एवं श्रद्धालुओं को निरंतर असुविधा एवं असुरक्षा का सामना करना पड़ रहा है। यह क्षेत्र अत्यंत संवेदनशील एवं अत्यधिक व्यस्त है, जहाँ प्रतिदिन हजारों लोगों का आवागमन होता है। उक्त स्थान के आसपास बैंक, शैक्षणिक संस्थान एवं अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक संस्थान स्थित हैं। शराब दुकान के कारण यहाँ असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बना रहता है, जिससे नशे की स्थिति में झगड़े, गाली-गलौच एवं अव्यवस्था जैसी घटनाएं सामान्य हो गई हैं। शराब दुकान की उपस्थिति से धार्मिक स्थलों की




गरिमा प्रभावित हो रही है तथा कानून-व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। विशेष रूप से महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं विद्यार्थियों की सुरक्षा की दृष्टि से यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि इस गंभीर विषय पर संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान कर, उक्त शराब दुकान का स्थल निरीक्षण करवाकर इसे शीघ्रातिशीघ्र अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित अथवा नगर सीमा से बाहर किया जाऐ। साथ ही, जब तक उक्त शराब दुकान को वर्तमान स्थान से नहीं हटाया जाता, तब तक क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। इस मांग के समर्थन में नगर के नागरिकों द्वारा दिनांक 31 मार्च से अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जा रहा है, जो मांग पूर्ण होने तक जारी रहेगा। मांग पूर्ण नहीं होगी तो युवा भूख हड़ताल पर बैठने को मजबूर हो जाऐंगे। शराब दुकान हटाने को लेकर दिए जा रहे धरना में विभिन्न सामाजिक संगठन पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर शराब दुकान हटाने के लिए अपना पक्ष रख रहे हैं।

## बाउंड्रीवाल को तोड़कर बनाया रास्ता

**गंजबासौदा।** नगर के रेलवे स्टेशन को कवर्ड करने के लिए रेलवे द्वारा बाउंड्री वाल का कुछ वर्ष पूर्व निर्माण कराया गया था। रेलवे द्वारा बाउण्ड्रीवाल का निर्माण तो कर दिया गया है लेकिन प्रतिदिन सुबह, शाम आने जाने वाले लोगों ने दीवार को क्षतिग्रस्त कर शॉर्टकट रास्ता बना लिया है। क्योंकि रेलवे ने फुटओवर ब्रिज जाने के लिए रास्ता खोल रखा है, लेकिन शॉर्टकट से निकलने के लिए लोगों ने धीरे-धीरे करके पूर्वी रेलवे कॉलोनी में करीब दो-तीन जगह दीवाल को क्षतिग्रस्त कर दिया है। जहां से प्रतिदिन सैकड़ों लोग आने जाने में इस क्षतिग्रस्त दीवाल का उपयोग करते हैं।



## कथा में गोसेवा पर दिया जोर

**गंजबासौदा।** बरेठ रोड स्थित मां बीजासन माता मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा। कथा व्यास आचार्य पंडित सुनील शास्त्री ने भगवान विष्णु की महिमा बताई। भक्ति की शक्ति पर बात की। जीवन में धर्म के महत्व को समझाया। कथा की शुरुआत आत्मदेव ब्राह्मण की कथा से हुई। उनके पुत्र गोकर्ण ने धुंधकारी को भागवत कथा सुनाई। इस दौरान अनेक महिला, पुरुष श्रद्धालुगण मौजूद रहे।

## वाहन चेकिंग अभियान चलाया

**गंजबासौदा।** यातायात निरीक्षक निरपत सिंह लोधी के नेतृत्व में जय स्तंभ चौक पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से जुर्माना वसूला गया। यातायात निरीक्षक ने बताया कि यह कार्रवाई मुख्य रूप से बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बिना वैध दस्तावेज और दोपहिया वाहनों पर तीन सवारी ओवरलोडिंग बैठाने वालों, टूटी नंबर प्लेट एवं बगैर नंबर प्लेट के वाहन चालकों के विरुद्ध की गई। वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने मौके पर ही चालान काटकर जुर्माना जमा कराया।

## रिपटा घाट पर साप्ताहिक श्रमदान 5.0 का 27 वां चरण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

नदी जल स्वच्छता एवं संरक्षण के लिए चलाए जा रहे साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के अंतर्गत 27वां चरण एक बार फिर समाज के सामने कई सवाल खड़े कर गया। श्रमदान दल द्वारा संचालित यह अभियान निरंतरता और समर्पण का उदाहरण बन चुका है, लेकिन इसके साथ ही यह एक कड़वी सच्चाई भी हर बार उजागर कर रहा है। नदियों की सफाई से अधिक जरूरत अब समाज की सोच को साफ करने की है। हर सप्ताह श्रमदानियों द्वारा नदी से क्विंटलों कचरा निकाला जा रहा है। इस कचरे में प्लास्टिक बैग, पूजा सामग्री, पीओपी की मूर्तियां, कांच की चूड़ियां, धार्मिक पुस्तकें और अन्य अपशिष्ट शामिल हैं। यह स्थिति इस बात का संकेत है कि समस्या केवल सफाई की नहीं, बल्कि हमारी आदतों और सोच की भी है। नदी को प्रदूषित करने वाला कोई बाहरी तत्व नहीं, बल्कि हम स्वयं हैं।

श्रद्धा के नाम पर नदियों में सामग्री का विसर्जन कर हम अपनी जिम्मेदारियों से बचने की कोशिश करते हैं। यह विरोधाभास है कि जिस नदी को हम "मां" कहते हैं, उसी को अपने कचरे का माध्यम या कचरा घर बना देते हैं। 27वें चरण के श्रमदान में राकेश रघुवंशी, रुद्रांश राजपूत, नीरज साहू, योगेंद्र माझी, दिनेश चौरसिया, नितिन अग्रवाल, दीपेश शर्मा, जसवंत सिंह राजपूत, अंशुल शर्मा, कुलदीप दांगी, आकाश जैन सहित बाल श्रमदानी





अभिनव शर्मा, ज्ञानव साहू एवं अरनब रघुवंशी ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इनकी मेहनत यह साबित करती है कि समाज में जागरूकता और बदलाव की भावना अभी भी जीवित है। नदियों में विसर्जित कचरा रूपी समस्या का समाधान केवल श्रमदान से संभव नहीं है। इसके लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी आदतों में बदलाव लाना होगा। पूजा सामग्री का उचित निस्तारण, प्लास्टिक के उपयोग में कमी और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाना समय की आवश्यकता है। साथ ही साथ जब तक "मैं क्यों बदलूं" की सोच समाप्त नहीं होगी, तब तक नदियों की स्थिति में सुधार अधूरा ही रहेगा। क्यों कि श्रमदान दल का मानना है कि"नदी को स्वच्छ रखना है तो केवल किनारे नहीं,अपनी सोच भी निर्मल करनी होगी।

### विश्रामगृह में पत्रकारवार्ता का आयोजन किया

# पत्रकारवार्ता में प्रबोधन वर्ग की दी जानकारी




हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

रविवार को दोपहर के समय विश्रामगृह में संस्कृत भारती की बैठक का आयोजन हुआ। जिसको संबोधित करते हुए यशवंत दुबे वर्ग महाप्रबंधक ने कहा कि संस्कृत भारती के तत्वावधान में आयोजित होने वाले मध्य भारत प्रांत के प्रबोधन वर्ग के संबंध में विस्तार पूर्वक पत्रकारों को बताया गया। जिसमें मध्य भारत में आने वाले सभी जिले के संस्कृत सीखने वाले शिक्षार्थियों को लाभ मिलेगा। यह वर्ग 7 मई से आरंभ होगा, संस्कृत भारती के उच्च कोटि के विद्वानों द्वारा सरल संभाषण एवं दक्षता का अभ्यास कराया जाएगा। वर्ग के माध्यम से जन जन तक सरल संस्कृत को पहुंचाने का उद्देश्य है, यह वर्ग पूरी तरह आवासीय रहेगा इसमें कौशल विकास के साथ व्यक्तित्व विकास पर भी पूरा ध्यान दिया जाएगा। घर-घर तक संस्कृत पहुंचने के उद्देश्य से संस्था काम करती है जनमानस की भाषा बने इसी ध्येय के साथ पूरी संकल्पना से निस्वार्थ भाव से सभी कार्यकर्ता संस्कृत के प्रचार प्रसार के लिए कार्य करते हैं। वर्ग के महाप्रबंधक दुबे ने संस्कृत माता की सेवा के लिए पूरे निष्ठा और लगन के साथ पूर्ण समय देने की बात कही। शिविर लाल पठार स्थित सरस्वती शिशु मंदिर उमावि में आयोजित किया जाएगा। जिला शिक्षण प्रमुख भूपेन्द्र कुमार सेन ने वर्ग में होने वाली गतिविधि एवं शिक्षण विधि के बारे में विस्तृत रूप से बताया। वर्ग के सह प्रबंधक विनोद शर्मा ने वर्तमान समय में संस्कृत के महत्व और आगामी समय में संस्कृत की उपयोगिता के महत्व के बारे में बताया। संस्कृत भारती के नगर संयोजक अनिल चतुर्वेदी ने वर्ग की सफलता को लेकर उत्साह के साथ सभी से सहयोग की अपेक्षा की है। बाल संस्कार केंद्र प्रमुख अभिलाषा चतुर्वेदी ने बताया नन्हे नन्हे बच्चों के लिए संस्कार केंद्र के माध्यम से खेल-खेल में संस्कृत बोलना सिखाया जाता है।

## विधिक साक्षरता शिविर में विस्तार से जानकारी दी




**गंजबासौदा।** तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में गत दिवस सम्राट अशोक विद्यालय सावरकर चौक में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन साक्षी प्रसाद प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड एवं न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी के मुख्य आतिथ्य में किया गया। शिविर में न्यायाधीश ने संबोधित करते हुए, शिक्षा का अधिकार, जीवन में शिक्षा का महत्व, बालश्रम निषेध अधिनियम, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, निः शुल्क विधिक सहायता, नालसा हेल्प लाइन नंबर 15100 के संदर्भ में जानकारी देकर अवगत कराया। शिविर में आरती झा अधिवक्ता, कशिश जैन अधिवक्ता, सुनील राजपूत पीएलवी, आरती कुशवाह पीएलव्ही, अंजली विश्वकर्मा पीएलवी, प्राचार्य भारती कुशवाह, कीर्ति कुशवाह, मनोज कुशवाह, कैलाश कुशवाह, अतुल श्रीवास्तव साइबर ट्रेनर, सहित विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं सहित अधिक संख्या में छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

### सागर के इतिहास की दूसरी महिला कलेक्टर होंगी प्रतिभा पाल

**सागर।** सागर की नवनियुक्त कलेक्टर प्रतिभा पाल का जन्म 15 अप्रैल 1988 को हुआ था। वे भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 2012 बैच की अधिकारी हैं और मध्य प्रदेश कैडर में तैनात हैं। उन्होंने बरेली स्थित एमजेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय से कला में स्नातक और इतिहास में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की है। 2012 बैच की यह अफसर अपनी सख्त कार्यशैली के साथ-साथ अपनी संवेदनशीलता के लिए भी जानी जाती हैं। डिलीवरी के महज 11 दिन बाद ड्यूटी पर लौटने वाली प्रतिभा पाल जहां फाइलों के निपटारे में कड़क हैं, वहीं फुर्सत के पलों में कविताएं लिखने का शौक रखती हैं। सागर की नवनियुक्त कलेक्टर प्रतिभा पाल सागर की दूसरी महिला कलेक्टर होंगी। यह संयोग ही कहा जाएगा कि सागर की पहली महिला कलेक्टर प्रीति मैथिल नायक भी रीवा से सागर कलेक्टर के रूप में पदस्थ हुई थीं। प्रतिभा पाल सागर में 51वें कलेक्टर के रूप में कार्य करेंगी। उन्होंने एमजेपी रोहिलखंड विश्वविद्यालय, बरेली से कला में स्नातक और इतिहास में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की है।

### 25 अप्रैल तक "नारी शक्ति वंदन" पखवाड़ा आयोजित होगा

**सागर।** मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल के निर्देशानुसार प्रदेश में 10 अप्रैल से 25 अप्रैल तक "नारी शक्ति वंदन" पखवाड़ा मनाया जाएगा। उक्त अवधि में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। पखवाड़े के दौरान "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" के संबंध में आम नागरिकों को जागरूक किया जाएगा तथा इसे एक उत्सव के रूप में मनाया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। महिला एवं बाल विकास विभाग को इस पखवाड़े के आयोजन हेतु नोडल विभाग बनाया गया है। संबंधित समस्त विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला एवं विकासखंड स्तर पर कार्यक्रमों का गरिमापूर्ण आयोजन सुनिश्चित करें।

### राज्य स्तरीय पदक विजेता खिलाड़ियों को मिलेगी खेलवृत्ति

**सागर।** जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग सागर द्वारा पात्र खिलाड़ियों से खेलवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के बीच मान्यता प्राप्त खेल संघों द्वारा आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय तियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय या तृतीय स्थान प्राप्त किया हो, वे इस योजना के लिए पात्र होंगे। साथ ही, आवेदक की आयु 01 अप्रैल 2026 को 19 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। विभाग द्वारा जानकारी दी गई है कि पात्र खिलाड़ियों को मध्यप्रदेश शासन के नियम के तहत खेलवृत्ति स्वीकृत की जाएगी। हालांकि, जिन खिलाड़ियों को इस योजना के अंतर्गत पूर्व में दो बार खेलवृत्ति प्राप्त हो चुकी है, वे इस बार पात्र नहीं होंगे। इच्छुक खिलाड़ी अपना आवेदन पत्र 31 मई 2026 तक कार्यालय जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी, खेल परिसर सागर में जमा कर सकते हैं। आवेदन के साथ मूल निवास प्रमाण पत्र, राज्य स्तरीय पदक प्राप्ति प्रमाण पत्र (अधिकृत प्रतियोगिता), जन्म प्रमाण पत्र या 10वीं की अंकसूची, आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। साथ ही, प्रतियोगिता में भाग लेने एवं पदक अर्जित करने के प्रमाण पत्र का सत्यापन संबंधित राज्य खेल संघ से कराना भी आवश्यक है।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान सम्पन्न

# भारतीय जनता पार्टी अंत्योदय के सिद्धांत पर कार्य करती है: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

पंडित दीनदयाल उपाध्याय दो दिवसीय प्रशिक्षण महा अभियान रविवार शाम जन गण मन के साथ सम्पन्न हुआ। शनिवार से भारतीय जनता पार्टी मंडल देवपुर एवं भारतीय जनता पार्टी मंडल चितावर का प्रशिक्षण तारण-तरण तपोभूमि ग्राम सेमलखेड़ी में चल रहा था। जिसमे वक्ताओ ने 7 विषयो पर विस्तार से उपस्थित प्रतिभागियो को पार्टी की रीति नीति से अवगत कराते हुए पार्टी के इतिहास एवं भविष्य की योजनाओं के संबंध मे अपने विषय रखे। शनिवार से शुरू हुए प्रशिक्षण महा अभियान चितावर मंडल के उद्घाटन सत्र में विधायक उमाकांत ने सम्मिलित होकर अपनी बात रखते हुए कहा की भारतीय जनता पार्टी अंत्योदय के सिद्धांत पर कार्य करती है जिसमें उन्होंने पार्टी की पंच निष्ठा एवं पार्टी के संविधान से भी अवगत कराया।





**इन विषय पर प्राप्त हुआ प्रशिक्षण**

भाजपा का इतिहास एवं विकास पर लक्ष्मण सिंह बघेल, बूथ प्रबंधन एवं मन की बात पर रमेश यादव, वैचारिक अधिष्ठान दिनेश सोनी, कार्य पद्धति विनोद जैन, कार्य विस्तार एवं हमारी दृष्टि प्रेम नारायण विश्वकर्मा, सोशल मीडिया नमो एप्प डॉ एम के सोनी, अपनी सरकारो की उपलब्धिया एवं क्रियान्वयन महेंद्र सिंह दांगी के द्वारा प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया गया।

**कार्यकर्ताओ ने संभाली व्यवस्थाएं**

मंडल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुशासन और संगठनात्मक मजबूती के साथ संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं ने न केवल विभिन्न विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया, बल्कि पूरे कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को भी जिम्मेदारी के साथ संभाला। कार्यक्रम स्थल पर समयबद्धता, साफ-सफाई, बैठने की व्यवस्था और अतिथियों के स्वागत में कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। यह आयोजन संगठन की मजबूत कार्यशैली और अनुशासन का प्रतीक रहा, जिसमें हर कार्यकर्ता ने अपनी भूमिका को गंभीरता से निभाया।

**क्विज प्रतियोगिता से डिजिटल सर्टिफिकेट प्राप्त किया**

प्रशिक्षण के समापन अवसर पर पारस तारण के द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों संगठन ऐप डाउनलोड कराया एवं सभी प्रतिभागियों को क्विज प्रतियोगिता संपन्न कराकर डिजिटल सर्टिफिकेट डाउनलोड करवाया। वही प्रशिक्षण का आभार कैलाश शर्मा के द्वारा व्यक्त किया गया इस अवसर पर देवपुर मंडल के प्रशिक्षण में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष झार सिंह दांगी, माधवी माथुर,दरियाव सिंह कुर्मी, भैरों सिंह कुर्मी, महेंद्र सिंह दांगी, विनोद मड़ोतीय,र ामचरण कुर्मी, राजकुमार शर्मा सहित अन्य लोगों उपस्थित रहे वही चितावर मंडल के प्रशिक्षण मे प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष चरण सिंह राजपूत,हमीर सिंह यादव,सुरेंद्र दांगी,कलेक्टर सिंह यादव,चंद्र मोहन जाटव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**सफलता की कहानी...**

## संघर्ष से आत्मनिर्भरता तक राकेश कुशवाह की नई उड़ान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नगरपालिका के वार्ड क्रमांक 3 में रहने वाले राकेश कुशवाह पिछले 8 वर्षों से एक छोटे से फास्ट फूड ठेले के सहारे अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे थे। सीमित आय में भी वे किसी तरह अपने परिवार की जरूरतें पूरी कर लेते थे, लेकिन कोविड-19 महामारी के दौरान लगे लॉकडाउन ने उनकी जिंदगी को झकझोर कर रख दिया।

ठेला बंद हो गया, आमदनी रुक गई और परिवार के सामने रोजमर्रा की जरूरतों का संकट खड़ा हो गया। आर्थिक तंगी और अनिश्चितता के इस दौर में राकेश ने हार नहीं मानी। उन्होंने हिम्मत जुटाई और प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के बारे में जानकारी लेकर आवेदन किया। नगर पालिका से स्ट्रीट वेंडिंग प्रमाण पत्र मिलने के बाद उन्हें बैंक के माध्यम से ऋण सहायता प्राप्त हुई। इस छोटे से सहारे ने उनकी जिंदगी को नई दिशा दी। राकेश ने फिर से अपना ठेला शुरू किया, मेहनत और लगन से काम किया और धीरे-धीरे अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाया। आज स्थिति यह है कि वे दो फास्ट फूड ठेले संचालित कर रहे हैं और पहले से बेहतर आय अर्जित कर रहे हैं।

योजना से लाभान्वित हितग्राही राकेश के जीवन में केवल आर्थिक सुधार की नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, संघर्ष और उम्मीद को बढ़ाया है वहीं समाजिक स्तर के मान सम्मान में वृद्धि हुई है। व्यक्ति कभी रोजी-रोटी के लिए संघर्ष कर रहा था, आज वह न केवल अपने परिवार का सहारा बना है, बल्कि आत्मनिर्भरता की मिसाल भी बन गया है। सही समय पर मिली छोटी सी मदद और मजबूत इरादे किसी भी व्यक्ति की जिंदगी बदल सकते हैं। हितग्राही राकेश कुशवाहा ने यह कर दिखाया है।

## टीईटी परीक्षा का विरोध, शिक्षकों ने दिया ज्ञापन 5 साल की सेवा के बाद परीक्षा लेने का विरोध

**खुरई।** खुरई, मालथौन, और बीना में शनिवार को शिक्षकों ने टीईटी की अनिवार्यता के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। शिक्षकों ने अलग-अलग स्थानों पर रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपे और लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी आदेश को तुरंत निरस्त करने की मांग की। खुरई तहसील परिसर में शिक्षकों ने नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन दिया। शिक्षकों का तर्क है कि 2005 से पहले उनकी भर्ती तत्कालीन पंचायत नीतियों और मापदंडों के आधार पर हुई थी। शिक्षक वीरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा कि रिटायरमेंट की उम्र में परीक्षा लेना न्यायसंगत नहीं है, जबकि समय-समय पर उन्हें विभागीय प्रशिक्षण भी दिया जाता रहा है।मालथौन ब्लॉक के शिक्षकों ने उत्कृष्ट विद्यालय परिसर से तहसील कार्यालय तक रैली निकाली। तहसीलदार को सौंपे गए ज्ञापन में शिक्षकों ने मांग की है कि सरकार सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में शिक्षकों के पक्ष में पुनर्विचार याचिका दायर करे। उन्होंने स्पष्ट किया कि पात्रता परीक्षा का यह आदेश शिक्षकों में मानसिक असुरक्षा पैदा कर रहा है। शिक्षक ने चेतावनी दी है कि यदि यह आदेश वापस नहीं लिया गया, तो 18 अप्रैल को भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री के समक्ष प्रदर्शन करेंगे।

**राज्य अधिवक्ता परिषद के चुनाव को लेकर नगर में सरगर्मियां हुईं तेज**

## लक्ष्मी सिंह मीणा ने सदस्य पद के लिए दाखिल किया नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

मध्य प्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के आगामी चुनावों को लेकर सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में भोपाल की जानी-मानी अधिवक्ता एवं समाजसेविका सुश्री लक्ष्मी सिंह मीणा ने सदस्य पद के लिए अपना नामांकन दाखिल किया।

उन्होंने जबलपुर स्थित परिषद कार्यालय पहुंचकर अपने सहयोगी अधिवक्ताओं के साथ विधिवत रूप से चुनाव अधिकारी के समक्ष नामांकन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उनके समर्थक अधिवक्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला और सभी ने उनका गर्मजोशी से समर्थन किया। सुश्री लक्ष्मी सिंह मीणा विधि क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाने के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी निरंतर योगदान देती रही हैं।



महिला वर्ग में उन्हें एक सशक्त एवं प्रभावशाली प्रत्याशी के रूप में देखा जा रहा है। वे पूर्व में भोपाल अधिवक्ता संघ की महिला कार्यकारिणी सदस्य भी रह चुकी हैं। नामांकन के दौरान उन्होंने आगामी 12 मई को होने वाले चुनाव में अपने पक्ष में प्रथम एवं उच्च वरीयता का मत प्रदान करने का आग्रह किया। इस पर उपस्थित अधिवक्ताओं ने उन्हें पूर्ण सहयोग एवं समर्थन देने का आश्वासन दिया। माना जा रहा है कि इस बार परिषद का चुनाव काफी रोचक एवं प्रतिस्पर्धात्मक होगा। जिसमें सभी प्रत्याशी अपनी मजबूत दावेदारी प्रस्तुत कर रहे हैं।

**वरिष्ठ नागरिकों को मिला न्याय**

## लटेरी एसडीएम न्यायालय की कार्रवाई: बेटों को देना होगा भरण-पोषण, अतिक्रमण हटाया

> भरण-पोषण अधिनियम 2007 के तहत कई मामलों में त्वरित सुनवाई, समझौते और दंडात्मक कार्रवाई से बुजुर्गों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007 के तहत सुनवाई करते हुए लटेरी एसडीएम नितिन जैन ने तीन महत्वपूर्ण मामलों में बुजुर्गों को राहत दिलाई है।

पहले प्रकरण में ग्राम मुरवास निवासी आवेदिका आशा बी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके पुत्र अब्दुल हफीज खां ने उनकी जमीन पर कब्जा कर उन्हें बेदखल कर दिया। भरण-पोषण भी नहीं कर रहा है। न्यायालय ने आरोपी बेटे को भूमि से अतिक्रमण हटाने तथा प्रति माह 2 हजार रुपए भरण-पोषण राशि देने के निर्देश दिए। तहसीलदार एवं पटवारी द्वारा अतिक्रमण हटाकर भूमि का कब्जा पुनः आवेदिका को सौंप दिया गया। हालांकि, बाद में भरण-पोषण राशि नहीं देने पर पुनः सुनवाई हुई, जिसमें आरोपी द्वारा भुगतान से इंकार करने पर न्यायालय द्वारा जेल वारंट जारी किया गया। आरोपी ने 7 मार्च को 3000 रुपए की राशि पिता ईशाक खां के खाते में जमा कर दी, जिसके बाद प्रकरण का निराकरण किया गया।

**बेटों ने फर्जी तरीके से भूमि नामांतरण कराया**

दूसरे मामले में 74 वर्षीय लालाराम कुशवाह ने शिकायत की कि उनके पुत्र उन्हें धमकाते हैं, खेती नहीं करने देते, भरण-पोषण भी नहीं करते। न्यायालय में प्रकरण दर्ज कर दोनों पक्षों को बुलाया गया। 9 मार्च को सुनवाई में आपसी सहमति से समझौता हुआ। लालाराम के पांचों बेटों ने अपने माता-पिता को प्रति माह एक-एक हजार रुपए देने पर सहमति जताई। लालाराम द्वारा भूमि का एक हिस्सा पुत्रों को कुटीर निर्माण हेतु दानपत्र के माध्यम से देने का निर्णय भी लिया गया। तीसरे प्रकरण में ग्राम कुंडलपुर निवासी दयालोबाई अहिरवार ने अपने बेटों पर फर्जी तरीके से भूमि नामांतरण कराने और मारपीट कर घर से निकालने का आरोप लगाया है। न्यायालय द्वारा आरोपियों को नोटिस जारी किया गया है तथा सुनवाई के लिए 23 अप्रैल की तारीख तय की गई है।

## मुख्यमंत्री ने जिले की 2 लाख 71 हजार 347 लाडली बहनों के बैंक खातों में ट्रांसफर किए 40 करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीहोर जिले के आष्टा विदिशा जिले की 2 लाख 71 हजार 347 महिलाओं के बैंक खातों में 40 करोड़ रुपए की राशि जमा की।

एनआईसी व्हीसी कक्ष में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष गीता रघुवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति शर्मा सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और लाडली बहनाएं मौजूद रहीं। इस दौरान उपस्थित सभी के द्वारा मुख्यमंत्री के लाइव उद्बोधन को देखा, सुना गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी विनीता कांसबा ने बताया कि इस दौरान जनपद पंचायत बासौदा की 40483, ग्यारसपुर की 24300, कुरवाई की 27310, लटेरी की 25552, नटेरन की 33161, सिरोंज की 36584, विदिशा की 29327, नगरपालिका गंजबासौदा की 11948 ,सिरोंज की 8746, विदिशा की 25579, नगर परिषद कुरवाई की 2990, लटेरी की 3337, शमाशाबाद की 2030 मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की महिलाओं के खाते में राशि जमा की।




### शहर कांग्रेस ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को की पुष्पांजलि अर्पित

**सागर।** जिला शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में अध्यक्ष महेश जाटव की नेतृत्व में कांग्रेसियों ने भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर अटल पार्क पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की । इस अवसर पर जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने बताया कि उन्होंने जो जीवन जिया आज के दौर में कोई भी व्यक्ति नहीं जी सकता। आज हम प्रतिमा के समक्ष नहीं बल्कि आस्था के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर रहे हैं। महेश जाटव ने कहा कि भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर संघर्ष समर्पण, सादगी, जन सेवा, सामाजिक चेतना की मिसाल थे।

### महापौर ने संत शिरोमणि सेन महाराज की प्रतिमा का अनावरण एवं सेन चौराहे

**सागर।** नगर निगम सागर की महापौर संगीता सुशील तिवारी द्वारा शहर के एम एल बी स्कूल के पास के समीप स्थापित संत शिरोमणि सेन महाराज की भव्य प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र का नामकरण सेन चौराहा के रूप में किया गया, जिससे क्षेत्र को एक नई पहचान प्राप्त हुई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं बड़ी संख्या में नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से जिले के 33 मरीजों के इलाज के लिए लाखों की सहायता राशि जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद के अंतर्गत जिले के 33 जरूरतमंद एवं गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों के उपचार हेतु विभिन्न अस्पतालों को लाखों रुपये की सहायता राशि ई-पेमेंट के माध्यम से जारी की गई है।

यह राशि 21 मार्च 2026 के आदेश के परिपालन में सीधे संबंधित अस्पतालों के खातों में स्थानांतरित की गई है। प्रशासन के अनुसार इस योजना से मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध हो रहा है तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को बड़ी राहत मिल रही है। रतन सिंह मीणा के इलाज हेतु केयरवेल मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल, भोपाल को 65 हजार रुपए राजकुमारी बाई यादव केयरवेल मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल 20 हजार रुपए, नन्हरी साहू का एलबीएस हॉस्पिटल, भोपाल हेतु 15 हजार रुपए अनिल श्रीवास्तव एलबीएस हॉस्पिटल को 20 हजार रुपए जरीनाबी मेवाती हेतु सर्वोत्तम हॉस्पिटल, भोपाल को 65 हजार रुपए, कमला बाई का सर्वोत्तम हॉस्पिटल हेतु 40 हजार रुपए, शंकरलाल मीणा का सर्वोत्तम हॉस्पिटल के लिए 40 हजार रुपए, राजकुमारी को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भोपाल में इलाज कराने हेतु एक लाख रुपए की राशि जारी की गई है। इसी प्रकार गीता बाई कुशवाह को अनामय चेस्ट हॉस्पिटल हेतु 45 हजार रुपए, विनोद सिंह का मां जानकी हॉस्पिटल के लिए 20 हजार रुपए, छोटे लाल राजपूत दृ मैनोरिया हार्ट एंड क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल हेतु 30 हजार रुपए गोलू प्रजापति हेतु अरेरा ट्रॉमा एंड क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल को 35 हजार रुपए, शिवेंद्र सिंह को अरेरा ट्रॉमा एंड क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल में इलाज कराने के लिए 45 हजार रुपए की राशि जारी की गई है।

## छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माधवगंज क्रमांक 2 टीलाखेड़ी के छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण ग्यारसपुर में कराया गया।

भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों में ऐतिहासिक चेतना, पर्यटन जागरूकता और महिला सुरक्षा के प्रति समझ विकसित करना रहा। इस दौरान विद्यार्थियों ने हिंडोला तोरण, माला देवी मंदिर और बजरामठ जैसे प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थलों का अवलोकन किया। प्रशिक्षित टूर गाइडों ने स्मारकों के इतिहास, स्थापत्य कला और महत्व की विस्तृत जानकारी दी।माला देवी मंदिर परिसर में चित्रकला प्रतियोगिता एवं पर्यटन प्रोत्साहन पोस्टर गतिविधि भी आयोजित की गई। स्थानीय महिलाओं द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई, विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने इस अनुभव को अत्यंत ज्ञानवर्धक बताया और पर्यटन बोर्ड पहल की सराहना की।

## जिंद बाबा की बावड़ी बनी जनभागीदारी का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

शनिवार को मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकासखंड ग्यारसपुर के सेक्टर क्रमांक 1 अंतर्गत ग्राम मोहनपुर स्थित प्राचीन जिंद बाबा की बावड़ी पर विशेष स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में चयनित नवांकुर संस्था सेवा समिति मणिपुर के सदस्यों ने स्थानीय ग्रामीणों के साथ मिलकर पेड़ पूजन एवं देव पूजन किया, साथ ही बावड़ी परिसर में चौपाल बैठक आयोजित कर उसके ऐतिहासिक महत्व पर चर्चा की। चौपाल में उपस्थित बुजुर्गों ने बताया कि यह बावड़ी लगभग 700 वर्ष परमार वंश द्वारा निर्मित कराई गई थी, जिसका उपयोग प्राचीन समय में पेयजल के प्रमुख स्रोत के रूप में किया जाता था। यह बावड़ी क्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहर होने के साथ-साथ जल संरक्षण का उत्कृष्ट उदाहरण भी है। इस अवसर पर नवांकुर संस्था से शैलेंद्र रघुवंशी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष सीताराम कुशवाहा, सचिव संदीप प्रजापति एवं अन्य सदस्यों ने एक दिन पूर्व ही बैठक कर श्रमदान की योजना बनाई थी, जिसके तहत आज सामूहिक रूप से बावड़ी की साफ-सफाई का कार्य प्रारंभ किया गया।



जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक स्वदेश आचार्य, परामर्शदाता राजेंद्र यादव एवं मर्दन सिंह दांगी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने साप्ताहिक श्रमदान का संकल्प लेते हुए बावड़ी के संरक्षण एवं स्वच्छता को निरंतर रखने निर्णय लिया।

### पीएम स्वनिधि योजना से जीवन में हो रहा बदलाव

**विदिशा।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में पुनर्गठित प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के अंतर्गत ठेला चालकों को लगातार लाभान्वित किया जा रहा है। नगरपालिका परिषद सिरोंज द्वारा शिविरों का आयोजन कर एवं मुनादी के माध्यम से प्रसार किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक पात्र पथ विक्रेताओं को योजना का लाभ मिल सके। पुनर्गठित पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत जिन हितग्राहियों का प्रथम चरण का ऋण पूर्ण हो चुका है, उन्हें द्वितीय चरण तथा द्वितीय चरण पूर्ण करने वाले हितग्राहियों को तृतीय चरण के ऋण एवं क्रेडिट कार्ड सुविधा से जोड़ा जा रहा है।

मध्यप्रदेश में बनेगा क्लीन प्लांट सेंटर- कस्टम हायरिंग सेंटर और मशीन बैंक भी बनेंगे

मध्यप्रदेश के हर ब्लॉक में बनेंगे बीज ग्राम- बेहतर बीज से 20 प्रतिशत तक बढ़ेगा उत्पादन

कृषि महोत्सव में इंटीग्रेटेड फार्मिंग मॉडल का अवलोकन कर किसानों से किया संवाद

केवल उत्पादन नहीं, सही फसल और टिकाऊ खेती पर ध्यान देना जरूरी

# शिवराज ने रायसेन, सीहोर और देवास के साथ विदिशा का कृषि रोडमैप किया तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

राष्ट्रीय उन्नत कृषि महोत्सव के दूसरे दिन रविवार को किसानों के कल्याण और खुशहाली के लिए विशेष "कृषि पाठशाला" का आयोजन किया गया। इस दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किसानों को आधुनिक खेती के नए तौर-तरीकों की जानकारी दी। इस पाठशाला में विशेषज्ञों और जनप्रतिनिधियों ने बदलते समय के अनुसार खेती को लाभकारी बनाने के उपाय बताए। वहीं शाम को दशहरा मैदान में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पत्रकारों के सवालों का बेबाकी से जवाब दिया।

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रायसेन में आयोजित उन्नत कृषि महोत्सव के दूसरे दिन किसानों को एक बड़ी सौगात देते हुए सीहोर, रायसेन, विदिशा और देवास, इन चार जिलों का समग्र कृषि रोडमैप जारी किया। साथ ही इस अवसर पर उन्होंने आधुनिक कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इंटीग्रेटेड फार्मिंग मॉडल का निरीक्षण भी किया। वहीं केन्द्रीय मंत्री ने महोत्सव में फसल बीमा योजना और इंटीग्रेटेड फॉर्मिंग पर आयोजित विशेष सत्र के दौरान किसानों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और वैज्ञानिकों, विशेषज्ञों के साथ उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की।

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में कृषि की दिशा बदलने और खेती को अधिक लाभकारी बनाने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। महोत्सव में किसानों को व्यावहारिक और वैज्ञानिक जानकारी दी जा रही है। अलग-अलग सत्रों के माध्यम से खेती के विभिन्न पहलुओं को सरल तरीके से समझाने का प्रयास किया गया है, ताकि किसान अपनी फसलों और उत्पादन प्रणाली को बेहतर बना सकें। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अब जरूरत इस बात की है कि किसान अपनी मिट्टी, जलवायु, पानी की उपलब्धता और संसाधनों के आधार पर वैज्ञानिक तरीके से खेती करें। केवल उत्पादन बढ़ाने पर नहीं, बल्कि सही फसल और टिकाऊ खेती पर ध्यान देना आवश्यक है।

इस अवसर पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, कृषि मंत्री एंदल सिंह कंषाना, स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी सहित अन्य विधायक, स्थानीय जनप्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### सॉइल एप से किसान मोबाइल से ही देख सकेंगे खाद की मात्रा

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि किसानों की सुविधा के लिए एक मोबाइल ऐप भी लॉन्च किया है, जिससे खेती करना और आसान हो गया है। किसान अपने मोबाइल में ऐप डाउनलोड कर खेत में खड़े होकर ही जान सकते हैं कि किस फसल के लिए कितनी मात्रा में खाद और उर्वरक डालना चाहिए।







### हर ब्लॉक में बनेगा बीज ग्राम, मिलेगा अच्छा बीज

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि, उत्पादन बढ़ाने के लिए अच्छा बीज सबसे महत्वपूर्ण आधार है। विभिन्न फसलों, फल और सब्जियों के साथ-साथ नई संभावनाओं वाली खेती जैसे ड्रैगन फ्रूट, एवोकाडो और ब्लूबेरी को भी रोडमैप में शामिल किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि, यह पहल केवल महोत्सव तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि किसानों को लगातार मार्गदर्शन और प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि वे नई तकनीकों और फसलों को अपनाकर लाभ कमा सकें। साथ ही उन्होंने कहा कि, हर ब्लॉक में कुछ गांवों को 'बीज ग्राम' के रूप में विकसित किया जाए, जहां उच्च गुणवत्ता वाले बीजों का उत्पादन किया जा सके। शिवराज सिंह ने कहा कि, यदि प्रत्येक ब्लॉक में लगभग 10 गांवों को बीज ग्राम बनाकर किसानों को वहीं से अच्छे बीज उपलब्ध कराए जाएं, तो इससे उत्पादन में करीब 20 प्रतिशत तक वृद्धि संभव है।

## उन्नत कृषि महोत्सव के दूसरे दिन एफपीओ मीट का आयोजन

### श्री पटेल बोले- केवल उत्पादन काफी नहीं, गुणवत्तापूर्ण उत्पादन जरूरी

उन्नत कृषि महोत्सव के दूसरे दिन उन्नत कृषि विषय पर विभिन्न सत्र आयोजित किए। इसी क्रम में सेमीनार हॉल-1 में एफपीओ मीट का आयोजन किया। इस अवसर पर मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि केवल उत्पादन करना ही काफी नहीं है। गुणवत्तापूर्ण उत्पादन और उसकी प्रोसेसिंग भी जरूरी है। एफपीओ कृषक उत्पादक संगठन की स्थापना छोटे-छोटे किसानों को एक मंच पर लाकर उनकी आय बढ़ाना और कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाने के उद्देश्य के साथ की गई। इसकी आवश्यकता इसलिए महसूस हुई क्योंकि पहले किसानों को जो बीज मिलता था, वह कई बार ऊगता ही नहीं था।

एफपीओ संगठन की स्थापना छोटे किसानों को मंच पर लाकर उनकी आय बढ़ाना



### एफपीओ की स्थापना से बिचौलियों को समाप्त किया

मंत्री श्री पटेल ने कहा कि किसानों के बीच भरोसा बढ़ाने और उत्पाद की गांरटी के लिए एफपीओ की स्थापना की गई, जिसमें किसानों को सामूहिक शक्ति प्रदान कर बिचौलियों की श्रृंखला को समाप्त करने पर काम किया ताकि फसल का उचित मूल्य सीधे किसानों को मिल सके। इसके अलावा छोटे किसान जो व्यक्तिगत रूप से बीज, खाद या मशीनरी महंगे में खरीदते हैं, उन्हें एफपीओ के माध्यम से थोक दर पर इनपुट कम कीमत पर उपलब्ध कराई जाती है।

## कृषि महोत्सव में 30 दिव्यांगों को वितरित की मोटराइज्ड ट्रायसकिल



कृषि महोत्सव के दूसरे दिवस केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा 30 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्रायसकिल वितरित की गई। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि मोटराईज्ड ट्रायसकिल मिलने से दिव्यांगों को आवागमन में सुविधा होगी और दैनिक कार्य, व्यवसाय या रोजगार में भी मदद मिलेगी। दिव्यांगों का जीवन सुगम, सम्मानजनक बनाने के लिए वह प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि इन मोटराइज्ड ट्रायसिकल से दिव्यांगों को गतिशीलता मिलेगी। वह सुगमता से एक स्थान से दूसरे स्थान तक जा सकेंगे और अपने दैनिक कार्य या रोजगार कर सकें। यह दिव्यांगजन को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होगा।

'एनएच प्रोजेक्ट' की करेंगे समीक्षा



### केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी आज कृषि मेले में होंगे शामिल

तीन दिवसीय कृषि महोत्सव के आखिरी दिन आज 13 अप्रैल को केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, कृषि महोत्सव में शामिल होंगे। केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी 13 अप्रैल को दोपहर 2 बजे भोपाल से प्रस्थान कर 2.20 बजे रायसेन पहुचेंगे तथा यहां एनएच प्रोजेक्ट की समीक्षा करेंगे। इसके उपरांत उन्नत कृषि महोत्सव प्रदर्शनी सह प्रशिक्षण में कार्यक्रम में भाग लेकर विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन करेंगे और किसानों से संवाद भी करेंगे। कार्यक्रम में उनकी मौजूदगी को लेकर प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। निर्धारित समय के अनुसार, केन्द्रीय मंत्री शाम 5:10 बजे रायसेन से पुनः भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे। उनके दौरे को लेकर सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर भी प्रशासन सतर्क और चौकस नजर आ रहा है।

### क्लीन प्लांट सेंटर और मशीन बैंक से किसानों को मिलेगी राहत

केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, किसानों की आय बढ़ाने और खेती को अधिक प्रभावी बनाने के लिए किसानों को उच्च गुणवत्ता और रोगमुक्त पौध उपलब्ध कराने केंद्र सरकार क्लीन प्लांट सेंटर स्थापित कर रही है, जिसमें एक केंद्र मध्यप्रदेश में भी बनाया जा सकता है। उन्होंने 'मशीन बैंक' और कस्टम हायरिंग सेंटर के मॉडल को बढ़ावा देने की बात कही।

## डोलाघाट श्रीहनुमान मंदिर पर 15 वर्षों से चल रही है रामायण

**दीवानगंज।** भोपाल–विदिशा हाईवे 18 पर दीवानगंज के समीप स्थित डोला घाट श्री हनुमान जी मंदिर आस्था और श्रद्धा का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। यहां पिछले 15 वर्षों से लगातार रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है, जो क्षेत्र की धार्मिक परंपरा और जन सहभागिता का अनूठा उदाहरण है।

हर वर्ष जनवरी माह में मंदिर परिसर में रामचरितमानस एवं श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन होता है। इस धार्मिक आयोजन में आसपास के लगभग 50 गांवों के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल होते हैं और भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ प्राप्त करते हैं। मंदिर में स्थापित हनुमान जी की मूर्ति भी क्षेत्रीय एकता का प्रतीक है, जिसे आसपास के सभी गांवों के लोगों के सहयोग से स्थापित किया है। वर्तमान में मंदिर परिसर में निर्माण कार्य जारी है।

हादसे में नहीं हुई कोई जानहानि, प्रकरण दर्ज

## गढ़ी-विदिशा मार्ग पर ट्रक ने गेहूं से भरी दो ट्रैक्टर-ट्राली में मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज

थाना गैरतगंज के अंतर्गत आने वाली गढ़ी चौकी क्षेत्र में रविवार को गढ़ी-विदिशा मार्ग पर ग्राम खेरखेड़ी के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने गेहूं से भरी दो ट्रैक्टर-ट्रालियों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से ट्रक और दोनों ट्रैक्टर सड़क किनारे पलट गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खेरखेड़ी के समीप मूंग से भरे ट्रक का अचानक संतुलन बिगड़ गया और सामने से आ रहीं गेहूं से भरी दो ट्रैक्टर-ट्रालियों में टक्कर मार दी। भिड़ंत के बाद तीनों वाहन सड़क किनारे पलट गए, जिससे सड़क पर अनाज बिखर गया।

गनीमत रही कि इस हादसे में किसी भी व्यक्ति की जान नहीं गई है और सभी चालक सुरक्षित बताए जा रहे हैं। हालांकि दुर्घटना की चपेट में आने से एक भैंस गंभीर रूप से घायल हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही गढ़ी चौकी प्रभारी वीरेंद्र विश्वकर्मा अपने पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और सड़क पर लगे जाम को खुलवाने की कार्रवाई शुरू की। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और क्रेन की मदद से पलटे हुए वाहनों को हटाने का प्रयास किया जा रहा है।



## आबकारी नीति बनी मजाकः ठेकेदारों का राज, जनता से चल रही खुली लूट

### बाड़ी अमरावद शराब दुकानों को नहीं आबकारी विभाग का कोई डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

मध्यप्रदेश सरकार की आबकारी नीति सवालों के कटघरे में खड़ी है। जिस नीति को शराब कारोबार में पारदर्शिता और नियंत्रण के लिए लागू किया था, वही अब ठेकेदारों और अधिकारियों की मिलीभगत के चलते "लूट की खुली छूट" बन चुकी है। बड़ा सवाल ये है कि इस नीति की नाकामी का तमगा सरकार को दिया जाए या इसे जमीन पर लागू करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों को?

यहां दुकान का संचालन आबकारी विभाग और ठेकेदार के बीच झूलता रहा, और आखिरकार शराब कंपनी 'सोम' के कर्मचारियों के भरोसे दुकान चलने लगी। यानी जिम्मेदारी सरकारी, मुनाफा निजी और जवाबदेही शून्य!

### एमआरपी सिर्फ कागज पर, असल में जनता से लूट

हैरानी की बात यह है कि जिन शराब बोतलों पर एमआरपी 75 रुपये अंकित है, उन्हें खुलेआम 100 रुपये में बेचा जा रहा है। यानी हर क्वार्टर पर सीधी 25 रुपये की अवैध वसूली। लत के शिकार लोग मजबूरी में यह लूट सहने को मजबूर हैं। वीयर कैन और बोतलों पर भी जमकर खेल हो रहा है। जहां कैन एमआरपी पर देकर युवाओं को आकर्षित किया जा रहा है, वहीं बोतलों पर 60 रुपये तक अतिरिक्त वसूले जा रहे हैं। यह दोहरी नीति न सिर्फ नियमों का मजाक है बल्कि नई पीढ़ी को शराब के दलदल में धकेलने की खतरनाक चाल भी मानी जा रही है।

### सवाल : प्रशासन की चुप्पी या मिलीभगत ?

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह पूरा खेल खुलेआम चल रहा है, लेकिन आबकारी विभाग कार्रवाई करने से बचता नजर आ रहा है। सवाल उठता है कि क्या अधिकारियों की आंखों पर पट्टी बंधी है या फिर सब कुछ उनकी मौन सहमति से हो रहा है?

**इनका कहना है**

आपके माध्यम से मामला हमारे संज्ञान में आया है, जांच कर कार्यवाही करेंगे।
- **सुनील मीणा,** आबकारी अधिकारी बरेली।

## अज्ञात कारणों से लगी आग में 2 गाय और 1 बछड़े की मौत

**सिलवानी।** सागर रोड स्थित दिगंबर जैन त्रिमूर्ति मंदिर के पास एक कच्चे टपरे में देर रात आग लगने से दर्दनाक घटना सामने आई। आगजनी में टपरे में बंधी दो गाय और एक बछड़े की जलने से मौत हो गई, जबकि एक अन्य बछड़ा गंभीर रूप से झुलस गया।

जानकारी के अनुसार बीती शनिवार-रविवार की दरमियानी रात अचानक आग भड़क उठी, जिसने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, जिसके बाद काफी मशक्कत से आग पर काबू पाया जा सका। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। फरियादी नीलेश राजपूत के आवेदन पर पुलिस ने आगजनी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

क्षेत्र में मूंग की व्यापक खेती, लाखों कु. उत्पादन

## ग्रीष्मकालीन मूंग की खेती में जुटे किसान

क्षेत्र के किसानों द्वारा लाखों क्विंटल मूंग का उत्पादन कर आमदानी बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली



नर्मदा क्षेत्र के गांव-गांव में किसानों द्वारा ग्रीष्म कालीन मूंग की खेती के लिए खेतों को वखर कर तैयार और समय से मूंग की बोवनी पर जोर दिया जा रहा है। नर्मदा क्षेत्र में पिछले एक दशक से हो रही ग्रीष्म कालीन मूंग की खेती का रकवा बढ़ने के साथ किसानों द्वारा लाखों क्विंटल मूंग का उत्पादन कर समर्थन मूल्य पर बैच कर आमदनी बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।

ग्रीष्म कालीन मूंग मात्र 2 माह में पक कर तैयार हो जाती है। मूंग का बारिश शुरु होने से पूर्व जून तक कट जाना जरूरी होता है।

गेंहू की खेती के बाद क्षेत्र के हजारों किसानों द्वारा गर्मी में खेतों को खाली छोडऩे के स्थान पर मूंग की खेती से अतिरिक्त आय अर्जित की जा रही है। मूंग 8 हजार रू क्विंटल के भाव बिकने के साथ एक एकड़ में उसे 5 से 6 क्विंटल तक उत्पादन हो जाता है।

### नीचे गिर रहा भूजल स्तर

क्षेत्र के नदी नाले सूखने के साथ पिछले एक दशक में ग्रीष्म कालीन मूंग की खेती में गर्मी के दिनो में बार-बार फसल की सिंचाई में भारी मात्रा में पानी लगता है। भू-जल स्तर निरन्तर नीचे खिसकते हुए 180 तक नीचे गिर गया है। पुराने ट्यूवेलों में पानी न रहने से अनुपयोगी होने से किसान मूंग की खेती में पानी की व्यवस्था के धड़ाधड़ नये ट्यूववेलों का खनन भी करवा रहे है।

### मूंग में कीटनाशकों का भारी उपयोग

पूर्व में किसानों द्वारा वर्षा काल में तुअर के साथ मूंग की खेती की जाती थी। अब तुअर और मूंग की खरीफ सीज़न में खेती लगभग बंद हो गई है। ग्रीष्म कालीन मूंग की खेती में पानी अधिक मात्रा में लगता है। इसी के साथ रोगों के प्रकोप से बचने बार-बार कीटनाशकों का छिडक़ाव भी करना पड़ता है। मूंग में कीटनाशकों के जहरीलें तत्व भी आने की व्यापक चर्चा बनी रहती है।

## शिक्षक पात्रता परीक्षा का विरोध, शिक्षक संयुक्त मौर्चा ने नगर में निकाली रैली, सौंपा ज्ञापन

विरोध प्रदर्शन में अपनी मांगों को लेकर शिक्षक-शिक्षिकाओं ने की नारेबाजी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

शिक्षक संयुक्त मोर्चा द्वारा शिक्षक पात्रता से मुक्ति एवं सेवावधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से करने की माँग को लेकर विरोध रैली निकाली और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सोंपा गया। ज्ञापन में कहा कि नान टीईटी शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करना जरूरी है। अधिसूचना के अनुसार 3 सितम्बर 2001 वे पूर्व नियुक्त शिक्षक-शिक्षाकर्मी व संविदा शाला शिक्षक तथा वर्ष 2011 से 2014 के मध्य गुरुजी से संविदा शिक्षक के रूप में नियुक्त शिक्षक को टीईटी से छूट दी गई है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय में भी उक्त छूट का उल्लेख किया है। इसके बाद भी आयुक्तों द्वारा समस्त सेवारत नान टीईटी शिक्षकों को परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए बाध्य किया जा रहा है। ज्ञापन में जारी आदेशों को तत्काल निरस्त करने की माँग की है। इसी के साथ सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से करने के लिए आवश्यक आदेश जारी करने की मांग की जा रही है।

### टीईटी की अनिवार्यता खत्म करने की मांग को लेकर शिक्षकों ने खोला मोर्चा

**बाड़ी।** अध्यापक/शिक्षक संयुक्त मोर्चा मप्र बाड़ी ब्लॉक ने शिक्षकों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर हुंकार भर दी है। संगठन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम बाड़ी तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपकर शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता समाप्त करने की पुरजोर मांग की है।

ज्ञापन में उल्लेख किया है कि लोक शिक्षण संचालनालय और जनजातीय कार्य विभाग द्वारा नॉन-टीईटी शिक्षकों को परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए जो निर्देश दिए गए हैं वे राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) की अधिसूचना और सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के विपरीत हैं। शिक्षकों का कहना है कि 2 मार्च और 26 मार्च 2026 को जारी किए विभागीय आदेश शिक्षकों को मानसिक तनाव दे रहे हैं, जिन्हें तत्काल निरस्त किया जाना चाहिए। शिक्षकों की दूसरी प्रमुख मांग सेवा अवधि की गणना को लेकर है। संयुक्त मोर्चा ने मांग की है कि शिक्षकों की सेवा की गणना उनके प्रथम नियुक्ति दिनांक से की जाए।